# उत्तराखंड : मौसम के बीच दरकते पहाड़ चारधाम यात्रियों के लिए बन रहे मुसीबत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्ताखंड में मौसम की मार अब चारधाम यात्रियों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। बारिश और बर्फबारी के बीच दरकते पहाड़ और सड़कों पर आया मलबा का सैलाब तीर्थयात्रियों और वाहनों के लिए खतरा बन रहा है। इसके साथ ही साथ कई अन्य समस्याएं भी सिर उठाकर खड़ी हो गई हैं। चार धामों की व्यवस्था चरमरा गई है। शासन-प्रशासन की रोकथाम और अपील के बाद भी भारी संख्या में यात्री धामों में पहुंच रहे हैं।



राज्य में लगातार हो रही बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी का क्रम जारी है। इसके कारण अब भूस्खलन की स्थिति पैदा हो गई है। बात चाहे गंगोत्री हाइवे की हो जहां गंगनानी के पास सड़क पर आया मलबा और कीचड़ से आवाजाही मुश्किल हो गई और जाम लगा रहता है अथवा यमुनोत्री हाइवे की बात हो जहां डबरकोट के पास ऐसा भूस्खलन जोन बन गया है। अब इन क्षेत्रों में कई-कई घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहता है और कई किलोमीटर लंबे जाम में यात्री फंसे रहते हैं। जानकीचट्टी से लेकर यमुनोत्री तक का सफर अत्यंत ही दूभर हो चुका है। केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों को सोनप्रयाग से लेकर गौरीकुंड और धाम तक जिस तरह के कठिन मार्ग से गुजरना पड़ रहा है, वह जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। आपदा नियंत्रण विभाग के अनुसार तवाघाट लिपुलेख मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके कारण चीन के सीमा को जोड़ने वाली सड़क काफी अस्त-व्यस्त हो गई है। भारी भूस्खलन के कारण आदि कैलाश की यात्रा भी प्रभावित हो रही है। यह तीसरी बार है, जब इस मार्ग पर भूस्खलन के कारण यातायात बंद हुआ है। यहां आवाजाही ठप होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। बीआरओ की टीम रास्ता खोलने में जुटी हुई है। यही नहीं देहरादून से लेकर चमोली तक और मसूरी तक बारिश और आंधी तूफान से तबाही मची हुई है। मसूरी-कैम्पटी रोड पर पहाड़ से आए पानी और मलबे के कारण इस रोड पर आना जाना मुश्किल हो गया है। शासन-प्रशासन की तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो रही हैं, लेकिन इस काम में लगे कर्मी फिर से इन्हें चुस्त-दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं।

# पुलिस ने दो चोर दबोचे, आठ बाइकें बरामद

**8 पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं। इसी के चलते वह वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नशे की लत को पूरी करने की खातिर बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को रानीपुर पुलिस ने दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों में एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपितों से चोरी की आठ बाइकें बरामद हुईं।
रानीपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई बाइक चोरी के मामलों में संलिप्त आरोपितों को चेकिंग के दौरान रेगुलेटर पुल के पास से धर दबोचा।
पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने 6 अन्य बाइकें भी बरामद कर लीं, जो अभियुक्तों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चुराई थीं।



पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं। इसी के चलते वह वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे। पूछताछ में दोनों ने अपने एक अन्य साथी की भी संलिप्तता की जानकारी पुलिस को दी। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस अब इनके अन्य साथी की तलाश में जुट गई है। अभियुक्तों से बरामद 8 बाइकों में 06 हीरो स्पलेण्डर प्लस, 01 हीरो सुपर स्पलेण्डर व 01 हीरो स्पलेण्डर शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक ने ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स की शुरूआत की

**देहरादून।** एचडीएफसी बैंक के रिटेल ट्रेड एंड फॉरेक्स फंक्शन ने अपने ग्राहकों की इस विषय को लेकर जानकारी बढ़ाने के लिए ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स (जीटीएफटी) नामक एक नई लर्निंग और सहभागिता पहल शुरू की है। ये प्रोग्राम प्रतिष्ठित इस सेक्टर के एक्सपर्ट्स को एक कॉमन प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए डिजाइन किया गया है जहां वे वैश्विक व्यापार और विदेशी मुद्रा की दुनिया को शामिल करने वाले विभिन्न विषयों पर ज्ञान और विशेषज्ञता साझा कर सकते हैं। जीटीएफटी नॉलेज प्रदान करने और भारत भर में ग्लोबल ट्रेड और फॉरेन एक्सचेंज की समझ को आसान और समृद्ध बनाने के तरीकों की पहचान करने के लिए वर्चुअल और जमीनी स्तर पर विभिन्न प्रोग्रामों की एक विस्तृत सीरीज का आयोजन करेगा। इस अवसर पर अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड-रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हम सभी के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि हम नीति निमार्ताओं से ग्लोबल ट्रेड और फॉरेन एक्सचेंज को लेकर देश की प्रोग्रेसिव मानसिकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मैं सारंगी को विदेश व्यापार नीति 2023 और 2030 तक निर्यात को 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने के भारत के दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हम अपने समर्पित ट्रेड हेल्पडेस्क, व्यापक शाखा नेटवर्क और सटीफाईड ट्रेड विशेषज्ञता के माध्यम से टेक्नोलॉजी अनुकूल समाधान प्रदान करके इस मिशन में योगदान देंगे। जतिंदर गुप्ता ने कहा कि हम ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स के माध्यम से एक लर्निंग-कम-एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म शुरू करने को लेकर काफी खुश हैं, जहां इंडस्ट्री एक्सपर्ट नियमों और टैक्स प्रोसेस को सरल करेंगे, नए उभरते रुझानों का पता लगाएंगे, विदेशी मुद्रा की वापसी के उद्देश्यों पर चर्चा करेंगे। हमारे सम्मानित ग्राहकों के लिए नई वैल्यूज जोड़ने के प्रमुख उद्देश्य के साथ बाद की घटनाओं में अधिक विषयों को शामिल किया जाएगा।
जीटीएफटी के उद्घाटन सेशन में गेस्ट स्पीकर्स संतोष कुमार सारंगी (आईएएस), विदेश व्यापार महानिदेशक, भारत सरकार, अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक और श्री जतिंदर गुप्ता, बिजनेस हेड, रिटेल ट्रेड एंड फॉरेक्स, एचडीएफसी बैंक ने भारत की विदेश व्यापार नीति 2023 (एफटीपी) से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और कई उपयोगी बिंदुओं सामने रखे। ये सेशन इस बात पर केंद्रित था कि कैसे एफटीपी 2023 निर्यात को बढ़ावा देने और भारत को निर्यात सेक्टर में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरने में मदद करने का रोडमैप है।

### मिंत्रा की ईओआरएस-18 1 जून से शुरू 6000 से ज्यादा ब्रांड्स के मिलेंगे 20 लाख स्टाईल

**देहरादून। फैशन**, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन, मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन-मेट्रो शहरों से 15 मिलियन नए यूजर्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीजन सेल (ईओआरएस) 1 जून से शुरू होने वाली है, जिसमें 6,000 से ज्यादा अग्रणी घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और डी2सी ब्रांड्स के 20 लाख से ज्यादा फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल उत्पाद उपलब्ध होंगे।
कंपनी सबसे ज्यादा भीड़ के वक्त एक साथ 9 लाख ग्राहकों को संभाल सकेगी। मिंत्रा पर 17,000 से ज्यादा किराना पार्टनर्स का मेन्सा नेटवर्क पूरे देश में सुगम डिलीवरी संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा कि मिंत्रा के अग्रणी टेक इन्हेंसमेंट्स और फीचर्स द्वारा हम ग्राहकों के हर वर्ग, चाहे जैनजी हो या मिलेनियल्स या फिर टियर 2 और 3शहरों से हमारे ग्राहक या फिर सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के चाहने वाले, हर तरह के ग्राहकों को हम अतुलनीय ऑफर और बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी ईओआरएस फिल्म्स में शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार्स की मौजूदगी विभिन्न आयु समूह और क्षेत्रों में इस शॉपिंग महोत्सव की ओर रूझान को बढ़ाती है। ईओआरएस 18 में उपभोक्ताओं का ज्यादा रूझान मेन्स कैज्युअल वियर, वीमेंस एथनिक, वीमेंस वेस्टर्न वियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर, वॉच एवं वियरेबल्स, होम एवं फर्निशिंग, समर एसेंशल्स, वर्क वियर और किड्स वियर की ओर होने की उम्मीद है। इस प्लेटफॉर्म ने स्पोर्ट्स फुटवियर, होम एवं फर्निशिंग और एक्सेसरीज जैसी श्रेणियों का विस्तार किया है ताकि ग्राहक लाईफस्टाईल के क्षेत्र में नए सलेक्शन खोज सकें।

## सड़क हादसे में एचएम के छात्र की मौत

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्दूचौड़ में देर रात बीच सड़क पर आम्रपाली कालेज के दो छात्र लहूलुहान अवस्था में मिले। अस्पताल पहुंचाने पर एक की मौत हो गई है। दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल है। उसका एसटीएच में उपचार चल रहा है।
तल्लीताल भीमताल निवासी 22 वर्षीय मानस शाह पुत्र हरीश चंद्र शाह हल्द्वानी में कमरा किराए पर लेकर रहता था। वह आम्रपाली कालेज में होटल मैनेजमेंट कर रहा था और थर्ड इयर का छात्र था। पुलिस के अनुसार बुधवार की देर रात मानस अपने दोस्त पंकज निवासी बेरीनाग के साथ बाइक पर हल्दूचौड़ गया था। देर रात दोनों सड़क पर लहूलुहान मिले।

# डीएम ने दिये निर्देश: मानसून सत्र के दौरान अलर्ट मोड पर रहें सभी अधिकारी

**8 -बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी न छोड़ें मुख्यालय8 - 15 जून से पहले विभाग पूरी करें मानसून सीजन की तैयारी : डीएम**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी चमोली ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।
उन्होंने निर्देशित किया कि 15 जून से पहले मानसून सीजन की सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि मानसून सीजन में कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नही छोड़ेगा। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को भी संबंधित एसडीएम से अनुमति लेनी आवश्यक होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन का फोन अवश्य उठाएं। किसी परिस्थिति में फोन रिसीव न कर पाने पर कॉलबैक अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहे कि कोई भी जनहानि न हो।



जिलाधिकारी ने सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को सड़क किनारे नालियों और स्कबर की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर काम के समय जिम्मेदार अधिकारी मौके पर रहे। संवेदनशील स्थलों के आसपास जेसीबी मशीन एवं ऑपरेटर की तैनाती की जाए। साथ ही वैकल्पिक पैदल मार्गों को भी दुरुस्त किया जाए। मार्ग अवरुद्ध होने पर दोनों ओर फंसे यात्रियों को तत्काल राहत सामग्री पैकेट वितरण कराया जाए।
उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि आपदा न्यूनीकरण मद से पूर्व में जो धनराशि दी गई थी उसके सभी कार्य पूरा कराते हुए स्थलीय निरीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को चेताया कि आपदा के कार्यों में किसी भी अधिकारी के स्तर से लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने विगत प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण कार्यों के लिए एसडीआरएफ एवं आपदा न्यूनीकरण के तहत अवमुक्त एवं व्यय धनराशि की समीक्षा भी की। आपदा प्रबंधन के लिए तहसीलों में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी सामान की आवश्यकता है तो तत्काल इसकी डिमांड उपलब्ध करें। साथ ही तहसील और गांवों को उपलब्ध कराए गए सभी सेटेलाइट फोन की जांच कर ली जाए। तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम को एक्टिवेट रखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम, नंबर भी अपडेट किए जाएं।

# हंस फाउंडेशन ने लगाया नेत्र शिविर

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत सिमखोली में भोले महाराज आध्यात्मिक गुरु माता मंगला के सौजन्य से हंस फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का लगाया, जिसमें 86 नेत्र रोगियों की जांच की गई और निशुल्क दवाई दी गई।
हंस फाउंडेशन के समन्वयक विकास गुसाईं ने बताया कि हंस फाउंडेशन की ओर से आयोजित नेत्र शिविर में सिनाउ, उड़ामाण्डा, तमुण्डी, काण्डईखोला, सिमखोली विरसण चैम्वाड़ा, विरसण, नल्डूंगा, पैडूला, सतभैयाकोट के ग्रामीणों ने नेत्र शिविर में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि 16 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद होने पर उनको सर्जरी के लिए हंस फाउंडेशन अस्पताल सतपुली ले जाया जाएगा।



इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ प्रशांत जुब्रान, कोऑर्डिनेटर विकास गुसाईं, रविंद्र नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता भानु प्रकाश मौजूद थे।

## 04 ट्रैक्टर ट्राली और आठ बुग्गी अवैध खनन में सीज

**हरिद्वार**
पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। विगत दिनों खनन के डंपर से पिता-पुत्र की मौत के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की।
इसी क्रम में लक्सर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर में ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन किये जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर मौके से 04 ट्रैक्टर ट्राली और आठ बुग्गी को कब्जे में ले लिया। सभी को थाने लाकर सीज कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए सभी वाहनों की रिपोर्ट संबंधित विभाग को प्रेषित कर दी है।

## शिक्षा में छात्र तब तक दक्ष नहीं हो सकता, जब तक उसे संस्कारों के अनुरूप शिक्षा नहीं दी जाएगी:रावत

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह प्रदेश निरीक्षक विनोद रावत ने कहा कि स्कूलों में दी जाने वाली किसी भी भाषा में शिक्षा में तब तक छात्र दक्ष नहीं हो सकता, जब तक उसे उसके संस्कारों के अनुरूप शिक्षा नहीं दी जाएगी।
यह विचार विनोद रावत ने आवास विकास कॉलोनी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित आचार्य दक्षता शिविर के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त करते हुए कहा कि सभी भाषाओं को समझने के लिए 4 सोपान होते हैं, जिसमें सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना मुख्य है, जिसके लिए सर्वप्रथम शिशु को अपनी मातृभाषा का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक घर में बोले जाने वाली आम भाषा के अनुरूप छात्रों को शिक्षा नहीं दी जाएगी जब तक वह उसमें दक्ष नहीं हो सकता।
शिविर में शैक्षणिक,शारीरिक योग और विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक गतिविधियां भी सिखाई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनिल शर्मा प्रवक्ता हिन्दी शिशु शिक्षा समिति उत्तराखंड ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वंदना सत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया, इस प्रकार के प्रशिक्षण से हमें नई तकनीकी उनकी जानकारी प्राप्त होती है। द्वितीय सत्र में भी हमें आपका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ हिन्दी शिक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी हमारी



मातृभाषा ,है जिसे शिक्षण के सोपान के अंतर्गत अपनी भाषा को सुनना बोलना पढ़ना लिखने के साथ शिशु को अपनी मातृभाषा का ज्ञान होना चाहिए या सीखना चाहिए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति कहती है। उन्हें जीव-जंतुओं से भी सीख मिलती है। इस अवसर पर सह प्रदेश निरीक्षक विनोद रावत एवं सभी प्रशिक्षित उपस्थित थे। उमाकांत पंत प्रधानाचार्य विद्या मंदिर आवास विकास ऋषिकेश व सहवर्ग प्रमुख गुरुप्रसाद उनियाल प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आदर्श नगर ऋषिकेश के संचालन में भगवती प्रसाद चमोला, मुरलीधर चंदोला, राकेश बहुगुणा, गीताराम पैन्यूली संभाग निरीक्षक, जिला प्रमुख के सानिद्ध में प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किए। शिविर में पुरुषोत्तम बिजल्वाण सेवा प्रमुख विद्या भारती, अन्तराम पेटवाल , पिचपन मिश्रवाण , निर्मल केमनी , मनोहर खत्री, सुरेंद्र नेगी, जयप्रकाश आदि भी उपस्थित थे।

# नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा को किया सम्मानित

**हरिद्वार**
यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर महाविद्यालय की छात्रा कालिन्दी चौधरी को आज कालेज प्रांगण में सम्मानित किया गया।
कालिन्दी ने महाविद्यालय में वर्ष 2022 में प्रथम श्रेणी से राजनीति विज्ञान विषय में एमए की उपाधि प्राप्त की है। उनका वर्ष 2023 के परीक्षाफल में राजनीति विज्ञान विषय में नेट उत्तीर्ण हुआ है। इस सफलता पर महाविद्यालय परिवार ने कालिन्दी चौधरी को सम्मानित किया।कालिन्दी ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी व विशेष तौर पर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष विनय थपलियाल को दिया। कालिन्दी चौधरी ने कहा कि इस परीक्षा के लिए समय का प्रबन्धन और टॉपिक का रिवीजन अत्यधिक आवश्यक है।



इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने कालिन्दी को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का नेट परीक्षा में उत्तीर्ण होना इस बात का द्योतक है कि महाविद्यालय परिवार अकादमिक गतिविधियों के उच्चतम स्तर को छू रहा है।

# विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी प्रकृति प्रेमियों के लिए खुली

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी गुरुवार को प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए से खुल गई। विश्व धरोहर फूलों की घाटी का यात्रा मजिस्ट्रेट राहुल शाह ने रिबन काट कर शुभारंभ किया।
फूलों की घाटी राष्ट्रीय पार्क के मुख्य गेट पर पार्क प्रबन्धन की ओर से रेंज ऑफिसर गौरव नेगी की उपस्थिति में द्वार पूजन के बाद यात्रा मजिस्ट्रेट हेमकुंड साहिब राहुल शाह ने रिबन काटकर फूलों की घाटी यात्रा का शुभारंभ किया गया। पहले घाटी में 30 प्रकृति प्रेमी पर्यटकों का पहला दल सभी औपचारिकताएं पूरी कर घाटी का दीदार करने पहुंचा। पार्क के अधिकारी भी इस अवसर पर घाटी का जायजा लेने पर्यटकों के साथ फूलों की घाटी रवाना हुआ। फूलों की घाटी राष्ट्रीय पार्क के पैदल मार्ग पर अभी भी बर्फ जमी है।



विश्व धरोहर प्राकृतिक स्थल फूलों की घाटी नेशनल पार्क नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ भारत भूषण मार्तोलिया ने बताया एक जून से सैलानियों के लिये खुली इस फूलों की घाटी तक पहुंचने के लिए नन्दा देवी पार्क प्रशासन ने वैली तक ट्रैक को दुरुस्त कर आवाजाही के लिए खोल दिया है।
इस बार फूलों की घाटी, लोकपाल हेमकुंड क्षेत्र में बेमौसम काफी बर्फबारी हुई है। घाटी में कई जगह कई किलोमीटर तक बर्फ साफ करने के बाद पार्क प्रशासन की तरफ से फूलों की घाटी तक ट्रैक आवाजाही के लिए सुचारु कर दिया गया है। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के रेकी दल ने बताया कि फूलों की घाटी के निचले हिस्से में बर्फ पिघलने के बाद फूलों का खिलना शुरू हो जायेगा।
उत्तराखंड के चमोली जिले में फूलों की घाटी को उसकी प्राकृतिक खूबसूरती और जैविक विविधता के कारण 2005 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया। 87.5 वर्ग किलोमीटर में फैली फूलों की ये मनमोहक और सुन्दर घाटी न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। आज प्रकृति प्रेमियों और आम पर्यटकों के उत्तराखंड के उच्च हिमालयी लोकपाल क्षेत्र में स्थित विश्व प्राकृतिक धरोहर स्थल फूलों की घाटी देशी- विदेशी पर्यटकों के दीदार के लिए खोल दिया गया है। इस वर्ष प्रकृति प्रेमियों को यहां फूलों के साथ-साथ बर्फ और हिमखंडों के भी अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे।
गौरतलब है कि फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान हर वर्ष एक जून से पर्यटकों के लिए खुल जाती है।

# संत कबीरदास जयंती विशेष: कहैं कबीर सुनो भई साधो...!

**देहरादून।** अध्यात्म, धर्म, ईश्वर, ज्ञान आदि विषयों पर गूढ़ व सारगर्भित अनेक ग्रंथों, शास्त्रों, वेद-उपनिषदों की रचना हुई। पर इनमें प्रयुक्त भाषा व शैली अति कठिन, परिष्कृत और विद्वत थी। इसलिए हमारे संत-महापुरुषों ने इन ग्रंथों के गूढ़ रहस्यों को जन साधारण तक सरल शैली में पहुँचाने का बीड़ा उठाया। ऐसे ही एक प्रसिद्ध मध्यकालीन संत हुए- कबीर साहब। इनकी शैली काफी सरल, सुबोध, स्पष्ट और सुगम थी। आज के लेखक, पत्रकार, उपदेशक जिस वैचारिक स्वातंत्र्य के समर्थक हैं, उसके अग्रदूत कबीर साहब ही थे। उनकी वाणी में अद्भुत ओज था, एक ऐसी प्रखर प्रज्वलता थी कि लोग उससे अनछुए न रह सके। उन्होंने अत्यन्त व्यावहारिक उपमाएँ व उदाहरण देकर शास्त्रीय विषयों को साधारण जनता के समक्ष रखा। इसीलिए शिक्षित-अशिक्षित, युवा-प्रौढ़, सभी जन इन आध्यात्मिक रहस्यों को हृदयंगम कर सके।
आइए, हम भी आज कबीर साहब के रत्नकोष से अपने लिए कुछ रत्न चुनें। पंछि खोज मीन को मारग। कहैं कबीर दोउ भारी। अपरमपार पार परसोतिम। मूरति की बलिहारी॥
अर्थात? प्रकृति से परे आत्मा है, परमात्मा का स्वरूप है। उस स्वरूप पर मैं बलिहार जाता हूँ। उसे पाने के कई मार्गों में से, दो मार्ग हैं- विहंगम और मीन मार्ग। ये दोनों मार्ग हर अन्य मार्ग से श्रेष्ठ हैं। मीन मार्ग- मीन यानी मछली। मछली जल-प्रवाह के उलट चलती है। ठीक ऐसे ही, मीन मार्ग का अनुसरण करने वाले साधकों की सुरत प्रकृति-प्रवाह से उलट जाती है। यूँ तो साधारणतया हम संसारी मनुष्यों की सुरत आज्ञा चक्र से मूलाधार चक्र की ओर चलती है।

# सेविला ने रिकॉर्ड सातवीं बार जीता यूरोपा लीग का खिताब

**बुडापेस्ट।** सेविला ने एएस रोमा को पेनल्टीशूट आउट में 4-1 से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार यूरोपा लीग का खिताब जीता। मैच में रोमा ने शानदार शुरूआत की। 34वें मिनट में पाउलो डायबाला ने गोल कर रोमा को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद मैच के 55वें मिनट में रोमा के डिफेंडर गियानलुका मैनसिनी के आत्मघाती गोल की बदौलत सेविला ने 1-1 की बराबरी कर ली। तय समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं, जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया, गोंजालो मोंटील ने विजयी किक मारी, जैसा कि उन्होंने फ्रांस के खिलाफ विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना के लिए किया था, और सेविला को सातवीं बार खिताब दिला दिया। शूटआउट में सेविला के कीपर यासिन बाउनो नायक बनकर उभरे, उन्होंने गियानलुका मैनसिनी और रोजर इबनेज से पेनल्टी बचाई। वहीं, सेविला ने अपने शुरुआती चार मौकों को गोल में बदलकर खिताब पर कब्जा किया।



रेफरी एंथोनी टेलर द्वारा मैच में 14 येलो कार्ड दिए गए जो यूरोपा लीग के मैच में अब तक का सबसे अधिक है। मैच में कुल मिलाकर लगभग 30 मिनट का ठहराव समय था। बता दें कि सेविला के लिए यह सीजन काफी कठिन रहा है। सीजन के दौरान सेविला का ला लीगा में काफी खराब प्रदर्शन रहा, इस दौरान उसने अपने दो प्रबंधकों को निकाल दिया। हालांकि चैंपियंस लीग से बाहर होने के बाद क्लब ने फॉर्म में वापसी की। सेविला ने यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में जुवेंटस को हराने से पहले पीएसवी आइंडहोवन, फेनरबाश और मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया।

# किरण जॉर्ज ने शि यू क्यूई को हराया, सिंधु, श्रीकांत पहले दौर से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने बड़ा उलटफेर करते हुए बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। किरण ने चीन के विश्व नंबर 9 शि यू क्यूई को सीधे सेटों में शिकस्त दी।

बुधवार को जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन, अश्मिता चालिहा, साइना नेहवाल व सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शामिल थी। हालांकि, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, बी साई प्रणीत, प्रियांशु राजावत, समीर वर्मा, मालविका बंसोड़, मिथुन मंजूनाथ, अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। किरण, जो प्रकाश पादुकोण अकादमी से आते हैं, ने तीसरे वरीय शि यू क्यूई को 21-18, 22-20 से हराया। क्यूई 2018 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता हैं। किरण का अब अगले दौर में चीन के वेंग होंग यांग से सामना होगा जिन्होंने श्रीकांत को 8-21, 21-16,




14-21 से हराया। उनके अकादमी के साथी लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 21-23, 21-15, 21-15 से हराया। वह अब ऑल इंग्लैंड चैम्पियन चीन के ली शी फेंग से खेलेंगे। पिछले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे सात्विक और चिराग ने रोमांचक मैच में रासमस कजेर और फ्रेडरिक सोगार्ड को 21-13, 18-21, 21-17 से हराया। हालांकि, सिंधु को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ली ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधु को 21-8, 18-21, 21-18 से हराया। अन्य मैचों में राष्ट्रीय चैम्पियन मिथुन मंजूनाथ भी आठवीं वरीयता प्राप्त कुनलावुत विसिदसर्न से 17-21, 21-8, 21-15 से हार गए। क्वालीफायर के माध्यम से आने वाली अश्मिता ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 17-21, 14-21 से हराया। अगले दौर में उनका सामना रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कैरोलिना मारिन से होगा।

साइना ने कुछ महीने बाद वापसी करते हुए कनाडा की क्वालीफायर वेन यू झांग को 21-13, 21-7 से हराया और अगले दौर में वह चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त हे बिंग जिओ से भिड़ेंगी।

ऑरलियन्स मास्टर्स विजेता प्रियांशु राजावत मलेशिया के न्ग त्जे योंग से 19-21, 10-21 से हार गए जबकि साई प्रणीत क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 और हाल ही में स्लोवेनिया ओपन जीतने वाले समीर वर्मा डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से 15-21, 15-21 से हार गए। महिला युगल में अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम की जोड़ी कोरिया की तीसरी वरीयता प्राप्त बैक हा ना और ली सो ही की जोड़ी से 11-21, 6-21 से हार गईं।

# नॉर्वे सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज-विश्व नंबर 2 अलीरेजा को हराकर गुकेश ने किया शानदार आरंभ

**ओस्लो , नॉर्वे।** नॉर्वे ग्रांड मास्टर शतरंज में भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश को पहली बार खेलने का मौका मिला है और पहले ही दिन पहले ही राउंड में उन्होने विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी अलीरेजा फिरौजा को मात देते हुए शानदार शुरुआत की है । काले मोहरो से खेल रहे गुकेश नें इटेलिअन ओपनिंग में अलीरेजा के खिलाफ बेहद रचनात्मक खेल दिखाया और खेल के पहले हिस्से में आक्रामक खेल रहे अलीरेजा के आक्रमण का सटीक बचाव किया और फिर अलीरेजा के राजा पर जोरदार आक्रमण करते हुए 37 चालों में जीत दर्ज की । इस जीत के साथ गुकेश अब



लाइव विश्व रैंकिंग में 2742 अंको के साथ 15वे स्थान पर पहुँच गए है । गुकेश के अलावा यूएसए के फबियानों करूआना नें मेजबान नॉर्वे के विश्व के नंबर खिलाड़ी मैगनस कार्लसन को पराजित किया सीधे मुकाबले जीतकर गुकेश और करूआना 3 अंको के साथ सयुंक्त बढ़त पर पहुँच गए है । वहीं नीदरलैंड के अनीश गिरि नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक को , यूएसए के वेसली सो नें हमवतन हिकारु नाकामुरा को तो अजरबैजान के शाखिरयार ममेद्यारोव नें नॉर्वे के आर्यन तारी को क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ होने के बाद आरमागेडेन टाइब्रेक में पराजित किया और 1.5 अंक हासिल किए ।

# आईसीसी ने पाकिस्तान से एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम को भारत भेजने का आश्वासन मांगा

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष और सीईओ यह आश्वासन आने के लिए अभी लाहौर में हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में अपने मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर नहीं देगा। सूत्रों ने पीटीआई से पुष्टि की कि आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस विशेषकर इसलिए लाहौर पहुंचे हैं ताकि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप में पाकिस्तान की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आश्वासन हासिल कर सकें। पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने स्पष्ट किया है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी तो फिर उनकी टीम भी विश्वकप के लिए भारत नहीं जाएगी। इसके बाद ही आईसीसी के शीर्ष पदाधिकारी पाकिस्तान दौरे पर आए हैं। सूत्रों ने कहा- आईसीसी और विश्वकप का मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) नजम सेठी के हाइब्रिड मॉडल को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा- सेठी ने हाइब्रिड मॉडल का सुझाव हालांकि विश्वकप से पहले होने वाले एशिया कप के लिए दिया है लेकिन अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगर इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए यह मॉडल स्वीकार कर लिया जाता है तो पीसीबी पाकिस्तान के भारत में खेलने के सवाल पर आईसीसी से विश्वकप में भी इस मॉडल को लागू करने के लिए कह सकता है। सेठी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यदि पाकिस्तान सरकार सुरक्षा कारणों से टीम को भारत भेजने की अनुमति नहीं देती है तो पीसीबी ऐसी स्थिति में आईसीसी से पाकिस्तान के मैच तटस्थ स्थान पर करवाने के लिए कहेगा।

# टारो डेनियल को हरा तीसरे दौर में पहुंचे कार्लोस अलकराज

**-अगले दौर में शापोवालोव से होगा अलकराज का सामना**

**दिल्ली।** वर्ल्ड नंबर वन कार्लोस अलकराज ने इस सीजन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। फ्रेंच ओपन 2023 के दूसरे दौर के मुकाबले में इस स्पेनिश खिलाड़ी ने जापान के टारो डेनियल को 6-1, 3-6, 6-1, 6-2 से हराकर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। अलकराज ने शुरुआती सेट को मात्र 32 मिनट में अपने नाम किया। उन्होंने डेनियल को 6-1 से परास्त किया। हालांकि दूसरे सेट में डेनियल ने अच्छी वापसी की और अलकराज की सर्विस तोड़ते हुए 6-3 से सेट जीत लिया। एक-एक से सेट बराबरी पर होने के बाद शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने जबरदस्त तेजी दिखाते हुए अगले



दो सेट 6-1 और 6-2 से जीत लिए। जीत के बाद अलकराज ने कहा कि डेनियल को हराना वाकई काफी कठीन रहा। वे एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और इस वर्ष उन्होंने कई बड़े मुकाबले जीते भी हैं। आज के मैच में मैं लकी था कि मेरे शॉट बेहतर रहे और मैं जीत गया। स्टार स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी अलकराज का अगला मुकाबला दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव से होगा। इस कनाडाई मूल के टेनिस खिलाड़ी ने अपने दूसरे दौर के मैच में इटली के मैटियो अर्नाल्डी को 6-2, 3-6, 6-3, 6-3 से हराया था।

# फाइनल की तैयारियों को लेकर भारतीय टीम के कोच ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। आईपीएल का 16वां सीजन समाप्त होने के बाद भारतीय टीम 7 जून को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारियों मे जुटी हुई है आपको बता दें की ये मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध लंडन के ओवल मे होना है। वहीं भारतीये टीम मुकाब्ले के लिए इंग्लैंड पहुंच गई है। इसी के साथ भारत के गेंदबाजी, फील्डिंग और बल्लेबाजी कोच ने टीम की तैयारियों को लेकर प्रतिक्रिया दी है और बीसीसीआई ने इसका विडीयो शेयर किया है।

भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा 'तैयारी अच्छी चल रही है। पहला सेशन थोड़ा मुश्किल रहा लेकिन उसके बाद के दोनों सेशन अच्छे रहे। हम गेंदबाजों के वर्कलोड को टेस्ट फॉर्मेट के हिसाब से कम करने का प्रयास कर रहे हैं। मौसम और मैदान दोनों अच्छे हैं और हमें इन परिस्थितियों में खेलने की आदत डालनी होगी।'

वहीं टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने प्रतिक्रिया दी और कहा 'सभी खिलाड़ी आईपीएल खेल कर आ रहे हैं ऐसे में हमारी पहली कोशिश उनके वर्कलोड को कम करने की होगी। आईपीएल के मुकाबले टेस्ट में फील्डिंग कंडीशंस थोड़ी अलग होती है। इस समय हम स्लिप और फ्लैट कैचिंग के ऊपर ज्यादा जोर दे रहे हैं।' भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने भी टीम की तैयारियों को लेकर बोला- 'इन सभी ने एक काफी बड़ा टूर्नामेंट खेला



है। आईपीएल खेलने के बाद रेड बॉल क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता। इसकी आदत डालने में उन्हें कुछ सेशन लगेंगे।' वहीं तीनों कोचों का ये भी कहना है कि अभी मैच को शुरु होने में कुछ दिनों का समय बाकी है, ऐसे में टीम जितना ज्यादा प्रैक्टिस करेगी उनके लिए उतना ही अच्छा होगा। हमारी कोशिश हर सेशन में खिलाड़ियों से उनका बेस्ट निकालने की रहेगी।

# फ्रेंच ओपन में सबालेंका ने यूक्रेन युद्ध से जुड़े सवालों के जवाब देने से इनकार किया

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मैच जीतने के बाद यूक्रेन पर रूस के हमले से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया।पहले दौर में जीत दर्ज करने के बाद सबालेंका ने कहा था कि रूस या बेलारूस का कोई भी खिलाड़ी युद्ध का समर्थन नहीं करता है। उन्हें हालांकि रूस के हमले का समर्थन करने में बेलारूस की भूमिका की व्यक्तिगत रूप से निंदा करने के लिए कहा गया था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका ने फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में इरीना शिमानोविच पर 7-5, 6-2 से जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मेरे पास आपके लिए कोई प्रतिक्रिया नहीं है।'' साबालेंका की पहले दौर की प्रतिद्वंद्वी यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने संवाददाताओं से आग्रह किया था कि वे 25 वर्षीय सबालेंका से पूछें कि क्या वह व्यक्तिगत रूप से युद्ध का समर्थन करती हैं या विरोध करती है।

# ग्लोबल शतरंज लीग में शामिल हुए मैग्नस कार्लसन, बोले- कुछ नया करना रोमांचक होगा

**दिल्ली।** टेक महिंद्रा और फिडे के ज्वाइंट वेंचर ग्लोबल चेस लीग के करीब आते ही आयोजकों ने पांच बार के विश्व चैंपियन और वर्तमान विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन को आइकन प्लेयर के रूप में साइन करने की घोषणा की है। कार्लसन को वर्तमान पीढ़ी का सबसे महान शतरंज खिलाड़ी माना जाता है। वह दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के सहयोग से दुबई चेस एंड कल्चर क्लब में आगामी 21 जून से 02 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस लीग के उद्घाटन संस्करण के दौरान एक्शन में दिखेंगे। ग्रैंडमास्टर कार्लसन भी लीग का हिस्सा




बनकर उत्साहित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ग्लोबल चेस लीग का हिस्सा बनना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। यह कुछ नया होगा। ओवर-द-बोर्ड शतरंज में ऐसा कुछ नहीं किया गया है। मैं भविष्य के लिए भी इस फॉर्मेट को एक्सप्लोर करने के लिए उत्सुक हूं। शतरंज को लेकर अपने प्रायोगिक विचारों के समर्थक कार्लसन का मानना है कि टीम फॉर्मेट मैच को वह वास्तव में पसंद करते हैं। ग्रैंडमास्टर कार्लसन ने मिक्स्ड टीम फॉर्मेट के बारे में कहा, निजी तौर पर मैं टीम इवेंट्स और ग्रुप के भीतर टीम भावना का बहुत आनंद लेता हूं। इसलिए, ग्लोबल चेस लीग कुछ ऐसा है जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। मैं टीम में अन्य खिलाड़ियों खासकर भारतीय प्लेयर्स के साथ और उनके खिलाफ मुकाबला करने के लिए उत्सुक हूं। इस टूर्नामेंट के बारे में वास्तव में अच्छी चीजों में से एक यह है कि पुरुष और महिलाएं एक ही मंच पर एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हुए दिखाई देंगे। यही नहीं कार्लसन ने भारतीय प्रतिभाओं को शानदार करार दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत अब तक बहुत कुछ सही कर रहा है। वह स्पष्ट रूप से दुनिया में अग्रणी शतरंज देश बनने की राह पर है। उल्लेखनीय है कि लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में कुल 10 मैच खेलेंगी। एक साथ चलने वाले मैचों में से प्रत्येक मैच के विजेता का फैसला एक साथ खेली जाने वाली बेस्ट ऑफ सिक्स बोर्ड स्कोरिंग सिस्टम के आधार पर किया जाएगा। शीर्ष दो टीमें 02 जुलाई को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के समापन समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी

**वाराणसी।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के समापन समारोह (क्लोजिंग सेरेमनी) में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। बीएचयू के आईआईटी जिमखाना ग्राउंड में सायंकाल 03 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की मौजूदगी देख जिला प्रशासन भी एक्शन मोड में है। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला रायफल क्लब सभागार में अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक की। समापन समारोह को उन्होंने फुलप्रूफ बनाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने अफसरों को निर्देशित किया कि अपने-अपने सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा कर लें। कार्यक्रम में आने वाले व्यक्तियों को समय से प्रवेश सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया।



बैठक में उन्होंने कहा कि इंट्री 2 गेटों से होगी। कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था कराये जाने के लिए जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारी को निर्देशित किया। पेयजल की समुचित व्यवस्था जिला पूर्ति अधिकारी करायेंगे। उन्होंने पुलिस अफसरों को निर्देशित किया कि यातायात की व्यवस्था हर हालत में सुगम हो, किसी भी प्रकार की परेशानी किसी को न होने पाये। भीषण गर्मी के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर पंखे की व्यवस्था कराये जाने का भी आयोजकों को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि समापन समारोह में 5000 से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। गौरतलब हो कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शुरुआत 26 मई को हुई। इसका समापन 3 जून को वाराणसी में हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पहले ही योग का महाकुंभ आकर्षण का केंद्र होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश खेल विभाग ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 2 खेलों का आयोजन किया। इसमें तीन दिवसीय रेसलिंग प्रतियोगिता का समापन हो चुका है। वहीं, अब 1 जून गुरुवार से तीन दिवसीय योगासन प्रतियोगिता का आगाज होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता आईआईटी बीएचयू के रमेश श्रीनिवासन स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के इंडोर हॉल में आयोजित की जाएगी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण जीतना कबड्डी सीजन की शानदार शुरुआत : डिफेंडर रिंकू शर्मा

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत बीते दिनों गौतमबुद्ध नगर (नोएडा, यूपी) में एसबीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कबड्डी फाइनल में गुरु काशी विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत को लेकर गुरु काशी विश्वविद्यालय के कप्तान और प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा के सबसे प्रमुख डिफेंडर रिंकू शर्मा ने कहा कि यहां जीतना कबड्डी सीजन की शानदार शुरुआत का परिचायक है। खिताबी मुकाबले में गुरु काशी विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को 44-36 से पटखनी दी। इस मौके पर रिंकू शर्मा ने कबड्डी के प्रति अपने जुनून और करियर विकल्प को लेकर हिन्दुस्थान समाचार से खास बातचीत की। 25 वर्षीय रिंकू शर्मा ने बताया कि 12 साल की उम्र से उन्होंने कबड्डी खेलना शुरू किया था और वह हरियाणा के



सोनीपत जिले के नानागांव गांव से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने बताया कि उनके गांव में कबड्डी एक धर्म है। गांव में लोग स्कूल जाने से पहले कबड्डी सीखना शुरू कर देते हैं। कबड्डी को करियर के तौर पर चुनने के सवाल के जवाब में रिंकू ने कहा कि मेरी प्रेरणा भारतीय टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों को देखने से मिली। मैं एक ऐसे गांव से आता हूं, जहां हर कोई कबड्डी को पसंद करता है और उस गांव में प्रदीप नरवाल, राजेश नरवाल, और जोगिंदर नरवाल जैसे खिलाड़ियों को नजदीक से देखकर बड़ा हुआ हूं। जिन्होंने खेल में करियर बनाने में मेरे विश्वास को मजबूत किया है। रिंकू ने बताया कि उनका लक्ष्य भारतीय टीम का हिस्सा बनना और देश के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतना है। वे कहते हैं, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत यह स्वर्ण पदक हमारे इस साल के काफी व्यस्त सीजन की एक सुंदर शुरुआत है। एक कप्तान के रूप में मुझे खुशी है कि मेरी टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 उत्तर प्रदेश में स्वर्ण पदक जीता, लेकिन व्यक्तिगत क्षमता में यह सीजन की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका था।+ प्रो-कबड्डी लीग के आठवें सीजन के लिए यू-मुंबा द्वारा रिंकू को चुना गया था और शुरुआती सीजन में उनके द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित किया कि 25 वर्षीय रिंकू भी धीरे-धीरे अपने गांव के अन्य दिग्गजों की तरह अपना नाम बना रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले शुरू की तैयारी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम के सदस्यों ने आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीएफ) फाइनल और इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के लिए दक्षिण लंदन में अपने यूनाइटेड किंगडम स्थित प्रशिक्षण केंद्र में तैयारी शुरू कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 7 जून से द ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत का सामना करने की अपनी पहली चुनौती के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है, पैट कमिंस की टीम अपने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब का पीछा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएगी।

टीम प्रबंधन द ओवल मैदान पर भी कड़ी नजर रख रहा है, जहां द ओवल में उनका रिकॉर्ड खराब रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अगर फाइनल लॉर्ड्स में किया गया होता तो यूनाइटेड किंगडम में 140 से अधिक वर्षों के टेस्ट क्रिकेट को देखते हुए हो सकता है कि ये जीतने की संभावनाओं को और भी अधिक बढ़ा देते।'

1884 के बाद से लॉर्ड्स में खेले गए 39 मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने 43.59 प्रतिशत की सफलता दर के साथ 17 जीत दर्ज की हैं। इसके विपरीत, द ओवल में ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड - जहां प्रतिद्वंद्विता 1880 में एशेज बन गई थी - स्पष्ट रूप से बदतर है, और उन्होंने 38 से केवल 7 जीत (18.42 प्रतिशत) ही दर्ज की है। जब 2010 में पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की योजना बनाई गई थी, तो चार साल की प्रतियोगिता का फाइनल लॉर्ड्स में आयोजित करने की योजना बनाई गई थी। एक दशक के अंतराल के बाद टूर्नामेंट शुरू होने के बाद वाणिज्यिक वास्तविकताओं के कारण लॉर्ड्स ने डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी नहीं की है। लेकिन वैश्विक कोविद-19 महामारी ने उस योजना को खत्म कर दिया, इसके बजाय साउथेम्प्टन के रोज बाउल में आयोजित फाइनल के साथ, जहां साइट पर आवास सुनिश्चित किया गया कि प्रतिस्पर्धी टीमें न्यूजीलैंड और भारत जैव-सुरक्षा अलगाव के स्तर को बनाए रख सकें। जब पिछले साल 2023 के फाइनल के लिए स्थानों पर चर्चा की गई थी, तो यह सामने आया कि वित्तीय विचार - विशेष रूप से, मौजूदा सदस्यता आवश्यकताओं से मुक्त 'स्टेडियम के लिए आईसीसी की शर्त और अपने स्वयं के प्रायोजकों की पोशाक में सजे मैदान लॉर्ड्स को संभावित व्यावसायिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। इसलिए द ओवल को चुना गया। इस बीच आईपीएल प्लेऑफ में शामिल भारतीय टीम के बाकी खिलाड़ी लंदन पहुंच गए हैं और डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी भी शुरू कर दी है।

